BCM SCHOOL, BASANT AVENUE, DUGRI, LUDHIANA

Class ll Hindi assignment 5

1) निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर चुनो-

गरमी के दो विशेष महीने हैं- मई और जून। इन दिनों तो गरमी के मारे चैन नहीं पड़ता। रात को आराम की नींद भी नहीं आती। सूर्य उदय होते ही गरमी बढ़ने लगती है, दोपहर तक तो शरीर झुलसने लगता है। लोग पंखे, कूलर और ए.सी से ठंडी हवा पाना चाहते हैं। वे हल्के सूती कपड़े पहनना पसंद करते हैं। हाँ, गर्मियों में आम की बहार होती है जो सभी को बहुत प्रिय है, ककड़ी, खरबूजा और तरबूज आदि भी खूब होते हैं। गरमी में ही फसलें पकती हैं और इसी के बाद वर्षा ऋतु आती है।

प्र०1-गरमी कब बढ़ने लगती है?

सूर्य निकलते ही सूर्य छिपते ही सूर्य डूबते ही

प्र०2 –गरमी के दिनों में लोग कैसे कपड़े पहनते हैं?

रेशमी सूती ऊनी

प्र०3- गरमी के बाद कौन-सी ऋतु आती है?

सरदी बसंत वर्षा

प्र०4- 'तन' का समानार्थक शब्द चुनो-

गरमी शरीर हवा

प्र०5- वे <u>हल्के-सूती</u> कपड़े पहनना पसंद करते हैं। इस वाक्य में रेखांकित शब्द क्या हैं -

संज्ञा सर्वनाम विशेषण

2) सही विकल्प चुनो-

1• वचन कितने प्रकार के होते हैं?

दो तीन चार

2• जो पढ़ा-लिखा न हो उसे ____________कहते हैं।

गरीब बेचारा अनपढ़

3• 'बस्ता' शब्द का लिंग बताओ-

स्त्रीलिंग पुल्लिंग दोनों

4• फूल के सही विशेषण शब्द चुनो-

तीखा सुंदर मीठा

5• बीस के बाद __________आता है।

इक्कीस ईकीस इकीस

6. 15 को शब्दों में कैसे लिखते हैं?

पच्चीस पचास पंद्रह

7.अनुस्वार वाला शब्द चुनो-

पंख कहाँ डॉक्टर

3) विशेषण शब्दों को रेखांकित करो-

1• टोकरी में लाल टमाटर पड़े हैं।

2• मैदान में चार बच्चे खेल रहे हैं।

3. मिर्च तीखी है।

4. राम होशियार लड़का है।

5. आसमान का रंग नीला है।

4) अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखकर खाली स्थान भरो-

1. मेरा मित्र क्रिकेट खेलता है। वह एक ____________है।

2. नेहा अस्पताल में डॉक्टर की मदद करती है। वह एक ___________है।

3. गाड़ी चलाने वाले को ______________कहते हैं।

5) उत्तर शब्दों में दो-

प्र०1 हमारे शरीर के लिए क्या हानिकारक है?

उ०-

प्र०-2 राजा ने दरबारियों को क्या दिया?

उ०-